WILL LIGHTBOURNE
*DIRECTOR*

GAVIN NEWSOM
*GOVERNOR*

# बुजुर्ग, नेत्रहीन एवं विकलांग व्यक्तियों के लिए संघीय (Federal) गरीबी स्तर योजना विस्तार

## आपके स्वास्थ्य बीमा कवरेज के बारे में महत्वपूर्ण समाचार

प्रिय लाभग्राही,

**उत्तम समाचार !**
एक नया California कानून पारित हुआ है। इससे आपके Medi-Cal लाभों में बदलाव आ सकता है। आप जल्द ही मुफ्त Medi-Cal के पात्र बन सकते हैं।

दिसम्बर **1**, **2020** से नए California कानून के तहत बुजुर्ग, नेत्रहीन एवं विकलांग संघीय (Federal) गरीबी स्तर योजना के लिए मासिक आय सीमा बढ़ा दी गई है। इसका अर्थ यह है कि अब और अधिक आवेदक एवं लाभग्राही मुफ्त Medi-Cal के पात्र बन सकते हैं।

**अब आगे क्या करना है ?**
आपके Medi-Cal लाभों में अभी कोई बदलाव नहीं आएगा। आपको अभी कुछ भी **नहीं** करना है। आपको नए Medi-Cal के लिए कोई नया आवेदन भी **नहीं** भरना है। आपको अपने वार्षिक Medi-Cal का नवीकरण अभी भी करवाना होगा। यदि आपको मेल में कोई नवीकरण पैकेज प्राप्त होता है तो उसे भरें। उसे अपनी काउंटी को आवश्यक प्रमाण के साथ भिजवा दें।

यदि आप वर्तमान में Medi-Cal का उपयोग कर रहे हैं तथा आपको यह पत्र मिला है तो नए कानून के तहत आपकी पात्रता की जांच की जाएगी। यदि आप मुफ्त Medi-Cal के लिए पात्र पाए जाएंगे तो आपको अपनी मेल में एक पत्र प्राप्त होगा। उस पत्र से आपको बदलावों की जानकारी मिल सकेगी।

बदलावों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए इस पत्र के साथ प्राप्त अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (FAQs**)** को पढ़ें। आप सुविधा के अनुसार प्रारूप (format) में सामग्रियां भिजवाने के लिए कह सकते हैं। इनमें ब्रेल**,** बड़े आकार के प्रिंट**,** आडियो अथवा डेटा सीडी**,** अथवा आवश्यकता के अनुसार कोई अन्य प्रारूप (format) हो सकता है।

**प्रश्न?**
यदि आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं अथवा आपको किसी प्रकार की सहायता चाहिए अथवा दुभाषिए की मुफ्त सेवा चाहिए तो कृपया Medi-Cal हैल्पलाइन से 1-800-541-5555 (TTY 1-800-430-7077) नम्बर पर सम्पर्क स्थापित करें। यह कॉल मुफ्त है। अथवा आप हमें ABDexpansion@dhcs.ca.gov पर ईमेल भी भेज सकते हैं।

धन्यवाद।
Department of Health Care Services